# कार्यालय प्रमुख अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
## 'जल भवन' बाणगंगा रोड़ भोपाल

क्रमांक 1379 / स्था / अराज / प्र.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2024 भोपाल,दिनांक 13/02/2024

### –प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को आमंत्रण सूचना–

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा उपयंत्री (सिविल) संयुक्त चयन परीक्षा–2022 के परिणाम दिनांक 10.02.2023 में प्रावधिक रूप से प्रतीक्षा सूची में निम्नलिखित चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 19/02/2024 को कार्यालयीन समय (प्रातः 10.00 बजे से सांय 6.00 की अवधि में) उपरोक्त पद हेतु आपकी अर्हता निर्धारित करने वाले समस्त मूल दस्तावेज { **10वीं, (10+2) हायर सेकेण्डरी, डिप्लोमा / डिग्री की अंकसूचियॉं एवं संबंधित उपाधि (प्रमाण–पत्र), मूल निवासी प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निःशक्तजन संबंधी प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र, संविदा 20 प्रतिशत में चयनित होने वाले अभ्यर्थी अपना अनापत्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र अवधि सहित जिसके आधार पर संवर्ग विशेष में चयन किया गया है।** } एवं इनकी **दो–दो सत्यापित छायाप्रतियॉं** एवं **दो पासपोट साईज फोटो** सहित कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,मध्यप्रदेश भोपाल में उपस्थित रहे। पत्र के साथ संलग्न अनुप्रमाणन प्रपत्र एवं शपथ पत्र 10 / – रू. के स्टॉम्प पर भरकर आवश्यक रूप से लाएँ, ताकि आगामी कार्यवाही की जा सकें। **यह पत्र अभिलेख सत्यापन हेतु जारी किया जा रहा है, इसे नियुक्ति आदेश न माना जावें।**

| S.No. | SELECTION CATEGORY | NAME | MIDDLE NAME | FATHER'S NAME |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/28 | RAVI KANT | SHARMA | K L SHARMA |
| 2 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/29 | SATYA NARAYAN | MISHRA | RAMAKANT MISHRA |
| 3 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/30 | SUKHVEER SINGH | RAGHUWANSHI | RAGHUVEER SINGH RAGHUWANSHI |
| 4 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/31 | NIKITA | GOKHALE | GOPAL KRISHNA GOKHALE |
| 5 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/32 | HARIKRISHNA | SHUKLA | NARMADA PRASAD SHUKLA |
| 6 | UR/NIL/OPEN/20SAMVIDA/WAITING/33 | PUSHPENDRA | MANDLOI | NATVER SINGH MANDLOI |

- उपरोक्त सूचियो में उल्लेखित अभ्यर्थियों को संयुक्त परीक्षा परिणाम की वैद्यता अवधि नजदीक होने को दृष्टिगत रखते हुए वास्तविक रिक्त पदों की संख्या से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन मात्र हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। इसे नियुक्ति आदेश न माना जावें ।
- **अभिलेख के सत्यापन** में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति / अपात्रता को दृष्टिगत रखते हुए रिक्त पदों से अधिक **संख्या में अभ्यर्थियों** को दस्तावेजों के परीक्षण हेतु इस शर्त के साथ आमंत्रित किया गया है कि दस्तावेजों के परीक्षण हेतु उपस्थित हो जाने / दस्तावेजों के सही पाये जाने मात्र से अभ्यर्थी द्वारा नियुक्ति का कोई दावा स्वीकार्य योग्य नहीं होगा।
- **संयुक्त परीक्षा** परिणाम की वैधता की समय–सीमा को दृष्टिगत रखते हुये उक्त अभ्यर्थियों हेतु यह आमंत्रण सूचना अंतिम है। इसके पश्चात किसी अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**संलग्न :– अनुप्रमाणन फार्म व शपथ पत्र प्रारूप।**

**अधीक्षण यंत्री (प्रशासन)**

प्रपत्र – प्र 4

# अनुप्रमाणन–फार्म

रोल नं. ........................

चेतावनी

(1) अनुप्रमाणन–फार्म में असत्य जानकारी देना या किसी तथ्यात्मक जानकारी को छिपाना अनर्हता मानी जाएगी और ऐसा करने से उम्मीदवार शासन के अधीन नियोजन के लिए अनुपयुक्त ठहराया जा सकेगा। किसी भी प्रविष्टि को खाली न छोड़े। यदि यह आप पर लागू न हो तो वैसा स्पष्टतः अंकित करें।

(2) यदि इस फार्म को भरने और भेजने के बाद उम्मीदवार को नजरबंद या गिरफ्तार किया जाता है अथवा उस पर मुकदमा चलाया जाता है या उसे बन्दी बनाया जाता है अथवा उस पर जुर्माना किया जाता है या उसे दोष सिद्ध पाया जाता है अथवा उसे विवर्जित किया जाता है या दोषमुक्त आदि किया जाता है तो ब्यौरे, यथास्थिति, राज्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग या उस प्राधिकारी को, जिसे अनुप्रमाणन–फार्म पहले भेजा गया हो, तत्काल सूचित किये जाने चाहिये, अन्यथा यह माना जायेगा कि तथ्यात्मक जानकारी छिपाई गई है। अतः यह स्वयं उम्मीदवार के हित में होगा कि वह उन मामलों के पूरे ब्यौरे प्रस्तुत करें, जिनमें उसे गिरफ्तार किया गया था उस पर अभियोजन चलाया गया था, आदि भले ही मामले अन्तिम रूप में प्रतिवेदित कर दिये गये हों (खात्मा) वापस लिये गये हों, या उसमें अन्ततः दोष मुक्ति हो गई हो या समझौता कर लिया गया हो।

(3) यदि यह तथ्य कि अनुप्रमाणन–फार्म में असत्य जानकारी दी गई या यह कि कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई गई है, किसी भी व्यक्ति की सेवा के दौरान किसी भी समय ध्यान में आये, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकेगी।

| | |
|---|---|
| 1 पूरा नाम – (स्पष्ट अक्षरों में) तथा उपनाम यदि कोई हो– (यदि आपने किसी भी अवस्था में अपने नाम या कुलनाम में कुछ जोड़ा हो या हटाया हो तो कृपया उसका उल्लेख कीजिये) | कुलनाम (सरनेम) नाम |
| 2. वर्तमान पूरा पता (अर्थात् ग्राम, थाना तथा जिला या घर क्रमांक, गली/मार्ग/सड़क तथा नगर और राज्य जिसमें वह स्थित हो)। | |
| 3. (क) घर का पूरा पता– (अर्थात् ग्राम, थाना तथा जिला या घर क्रमांक, गली/मार्ग/सड़क तथा नगर और जिला मुख्यालय का नाम और राज्य जिसमें वह स्थित हो)। | (क) |
| (ख) यदि मूलतः पाकिस्तान के निवासी हों तो उस देश में आपका पता तथा भारतीय संघ में प्रवजन की तारीख। | (ख) |

4. निवास अवधियों सहित उन स्थानों के ब्यौरे, जहां आप पिछले पांच वर्षों के दौरान एक वर्ष से अधिक समय तक रहे हों ? यदि विदेश (जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है) में रहे हों तो उन सभी स्थानों के ब्यौरें दिये जाने चाहिये जहां आप 21 वर्ष की आयु के बाद एक वर्ष से अधिक समय तक रहे हों :

| से | तक | निवास का पूरा पता (अर्थात् ग्राम,थाना, जिला अथवा घर क्रमांक,गली/मार्ग, सड़क तथा नगर) | पूर्ववर्ती खाने में उल्लिखित स्थान के जिला मुख्यालय का नाम तथा वह राज्य जिसमें वह स्थित हो। |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

| | |
|---|---|
| 5.पिता का<br>(क) पूरा नाम तथा उपनाम यदि कोई हो<br>(ख) वर्तमान डाक–पता (यदि स्वर्गवास हो गया हो तो पिछला पता दीजिए)<br>(ग) घर का स्थाई पता<br>(घ) व्यवसाय<br>(ड.) यदि किसी सेवा में हो तो उनका पदनाम तथा कार्यालय का पता दीजिए | (क)<br>(ख)<br>(ग)<br>(घ)<br>(ड.) |
| 6. (एक) नीचे उल्लिखित व्यक्तियों की राष्ट्रीयता –<br>(क) पिता<br>(ख) माता<br>(ग) पति/पत्नी<br>(घ) उम्मीदवार<br>(दो) पति/पत्नी का जन्म स्थान | (क)<br>(ख)<br>(ग)<br>(घ)<br>(दो) |
| 7. (क) जन्म तारीख<br>(ख) वर्तमान आयु<br>(ग) मेट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के समय आयु | (क)<br>(ख)<br>(ग) |
| 8. (क) जन्म स्थान, जिला तथा राज्य जिसमें वह स्थित हो।<br>(ख) वह जिला तथा राज्य जहां के आप निवासी हों। | (क)<br>(ख) |
| 9. (क) आपका धर्म<br>(ख) क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य हैं ?"हां या नहीं" में उत्तर दीजिए और यदि आपका उत्तर हां में हो तो उस जाति विशेष का नाम लिखिए। | (क)<br>(ख) |

10. शैक्षणिक अर्हताएं – वर्ष सहित उन स्थानों के नाम दीजिए जहां आपने शालाओं और महाविद्यालयों में 15 वर्ष की आयु से अध्ययन किया हो :

| शाला/महाविद्यालय का नाम तथा पूरा पता | प्रवेश की तारीख | शाला/महाविद्यालय छोड़ने की तारीख | उत्तीर्ण परीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

11. यदि आप कभी नियोजित रहे हों तो तत्संबंधी ब्यौरे दीजिए –

| धारित पद का नाम या कार्य का स्वरूप | अवधि | | कार्यालय, फर्म अथवा संस्था का पूरा पता | पिछली सेवा छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | |
| 1 | 2 | | 3 | 4 |
| | | | | |

| | |
|---|---|
| 12. (क) क्या आप कभी गिरफ्तार किये गये हैं, क्या आप पर कभी अभियोजन चलाया गया है, क्या आप कभी निरूद्ध किये गये हैं या आप से मुचलका लिया गया है, आप पर जुर्माना किया गया है, क्या आप किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये गये हैं, या आपको किसी भी लोक सेवा आयोग/म.प्र. व्यावसायिक परीक्षा मण्ड़ल, द्वारा उसके द्वारा संचालित परीक्षाओं/किये जाने वाले चयनों में सम्मिलित होने से वर्जित किया गया है, उसके लिए अनर्ह ठहराया गया है या क्या आपको किसी भी विश्वविद्यालय या किसी भी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्था द्वारा किसी भी परीक्षा में बैठने से वर्जित किया गया हैं/निष्कासित किया गया है ? | |
| (ख) क्या इस अनुप्रमाणन–फार्म को भरते समय किसी भी न्यायालय, विश्वविद्यालय या किसी भी शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्था में आपके विरूद्ध कोई मामला लंबित है ? यदि (क) अथवा (ख) में पूछे गये प्रश्नों के संबंध में आपके "उत्तर" हां में हो तो आपको इस अनुप्रमाणन–फार्म भरते समय माले, गिरफ्तारी, निरोध/जुर्माने दोष सिद्धि तथा दण्डादेश आदि के पूरे ब्यौरे प्रस्तुत करना चाहिये तथा इस फार्म को भरते समय न्यायालय/विश्वविद्यालय/शैक्षणिक प्राधिकरण आदि के समक्ष जो मामला लंबित हो उसका स्वरूप बतलाना चाहिए। इस जानकारी के अतिरिक्त जहां लागू हों, वहां निम्नलिखित ब्यौरें भी दिये जाऐंगे :–<br><br>(एक) अपराध/आरोप<br>(दो) पुलिस थाने में पंजीयन<br>(तीन) यदि न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया हो तो न्यायालय का नाम।<br>(चार) मामले का क्रमांक न्यायालय द्वारा उनका निपटारा किस तारीख को किया गया।<br>(पांच) दिया गया दण्ड़<br>(छः) क्या दोषमुक्त कर दिया गया ?<br>(सात) दोष मुक्ति संदेह के लाभ पर आधारित है या मामला वापिस ले लिया गया था। | (एक)<br>(दो)<br>(तीन)<br>(चार)<br>(पांच)<br>(छः)<br>(सात) |
| (ग) क्या आप किसी ऐसे संगम या संगठन जो सरकार द्वारा विधि विरूद्ध घोषित किया गया था, अथवा किया गया हैं, के सदस्य है, या उससे सहयोजित रहे है ? यदि ऐसा हो तो पूर्ण प्रविष्टयां दें, जैसे संगम/संगठन का नाम,सदस्यता अथवा सम्बद्धता की कालावधि/अवधि/इत्यादि | |

| | |
|---|---|
| 13. आपको मोहल्ले के ऐसे दो उत्तरदायी व्यक्तियों या दो निर्देशियों (रेफरियों) के नाम, जो आपको जानते हों | (1) ..............................<br>(2) .............................. |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि पूर्ववर्ती जानकारी, जहां तक मुझें पता है और जहां तक मेरा विश्वास है, सही और पूर्ण हैं मैं ऐसी किन्हीं परिस्थितियों से अवगत नहीं हूँ जिनके कारण शासन के अधीन नियोजन पाने के लिए मेरी उपयुक्तता क्षीण होती हो। मैं इस बात से सहमत हूँ कि यदि उपर्युक्त जानकारी किसी सारभूत तथ्य के संबंध में असत्य या अपूर्ण पाई जावे तो नियुक्ति प्राधिकारी को बिना सूचना दिये या बिना कारण बताएं मेरी सेवाएं समाप्त करने का अधिकार होगा तथा उसका निर्णय मुझ पर बन्धनकारी होगा।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

तारीख .................... स्थान ..................

## पहचान प्रमाण–पत्र

(प्रमाण–पत्र पर निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी एक के हस्ताक्षर होना चाहिए, इसके अलावा किसी और के हस्ताक्षर मान्य नहीं किये जाएंगे। तथा इस संबंध में आगे कोई लिखा पढ़ी नहीं की जायगी)

(एक) केन्द्रीय या राज्य शासन का राजपत्रित अधिकारी, (दो) संसद या राज्य विधान मंडल का सदस्य, (तीन) सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट/अधिकारी, (चार) तहसीलदार या नायब तहसीलदार, जो मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत हो, (पांच) शासकीय तथा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त समी शैक्षणिक संस्थाओं के प्राधानाचार्य तथा प्रमुख, (छः) खंड विकास अधिकारी, (सात) पोस्ट–मास्टर, (आठ) पंचायत निरीक्षक।

प्रमाणित किया जाता है कि मैं, श्री/श्रीमती/कुमारी ..............................................................

पिता/पति का नाम श्री .............................................................. को पिछले ..............................

वर्ष .................. माह से जानता हूँ तथा उनके द्वारा दिये गये ब्यौरे, जहां तक मुझें पता है और जहां तक मेरा विश्वास है, सही हैं।

हस्ताक्षर ..............................

पद नाम तथा स्पष्ट मोहर एवं पता

स्थान : ......................

तारीख : ......................

## कार्यालय द्वारा भरा जाएगा

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी का नाम पदनाम और पूरा पता : ..............................................................

(दो) वह पद जिसके लिये उम्मीदवार के संबंध में विचार किया जा रहा है। : ..............................................................

## शपथ –पत्र प्रारूप (10/– रू. के स्टाम्प पर नोटराईज्ड)

मैं...................................................पुत्र ..................................................................

निवासी...............................................................शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि :–

1. यहि कि विगत 10 वर्षो की अवधि में मेरा पता उपरोक्तानुसार सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे ऊपर किसी भी न्यायालय व थाना आदि में कोई भी अपराध/क्लेम/प्रकरण दर्ज या लंबित नहीं है।
3. यह कि मैने जो जानकारी दी है तथा जो भी दस्तावेज प्रस्तुत किये है, वह सही एवं सत्य है।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मै उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र में वर्णित सभी कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है, जिसका सत्यापन आज दिनांक...................... को स्थान................ में किया गया है। यदि भविष्य में दी गई जानकारी सही नहीं पाई गई तो मेरी नियुक्ति निरस्त मानी जावें।

शपथग्रहिता